### मुरादनगर पुलिस ने किया लूट का खुलासा!

# ड्राइवर ही निकला साजिश कर्ता!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** थाना क्षेत्र में 6 लाख रुपये और लैपटॉप लूट की घटना का पुलिस ने 12 घंटे के अन्दर खुलासा कर दिया। जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री मालिक मौ. सावेज सैफी का ड्राइवर भी इस लूटकांड में शामिल था।

जानकारी के अनुसार, मौ. सावेज सैफी ने पुलिस को शिकायत दी थी कि दो बाइक सवार बदमाशों ने उनकी महिंद्रा पिकअप के सामने बाइक लगाकर गाड़ी रुकवाई और



ड्राइवर नितिन के साथ मारपीट कर 6 लाख रुपये नकद और लैपटॉप से भरा बैग लूट लिया।

घटना के बाद मुरादनगर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में दो आरोपियों अर्शलान और लखन कश्यप को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सावेज सैफी की फैक्ट्री में काम करते थे और उन्हें मालूम था कि मालिक दिल्ली से कैश लेकर लौटते हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि ड्राइवर नितिन की भी आरोपियों से मिलीभगत थी और उसी की मदद से पूरी लूट की साजिश रची गई।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

## भीषण गर्मी में मानवता और गोसेवा का संदेश दे रही है विजया स्वप्न फाउंडेशन टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए विजया स्वप्न फाउंडेशन की टीम द्वारा जनसेवा और गौसेवा के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों एवं जरूरतमंद लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया गया, ताकि उन्हें भीषण गर्मी से राहत मिल सके। फाउंडेशन की टीम ने विभिन्न स्थानों पर लोगों को शरबत पिलाकर उन्हें गर्मी से बचाव के प्रति जागरूक भी किया। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए संस्था के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। इसके साथ ही टीम ने गौशालाओं में जाकर गायों के लिए



हरा चारा एवं भोजन की व्यवस्था भी की। संस्था के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में केवल मनुष्यों ही नहीं, बल्कि पशुओं को भी विशेष देखभाल और भोजन की आवश्यकता होती है। इसी भावना के साथ गौसेवा का यह कार्य किया गया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और पशु सेवा जैसे कार्य निरंतर जारी रहेंगे तथा भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों और बेजुबान पशुओं की सहायता के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे। विजया स्वप्न फाउंडेशन ने सभी नागरिकों से अपील की कि गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक लोगों और पशुओं की सहायता करें, पानी की व्यवस्था करें और मानवता की मिसाल बनें।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया वेव सिटी में आधार आयुष्मान व नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के निर्देश पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा डाक विभाग के सहयोग से विशाल आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा 18 वर्ष तक के बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए गए। साथ ही सभी आयु वर्ग के लोगों के आधार कार्डों में संशोधन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। नेत्र चिकित्सा शिविर में श्रेया आई सेंटर की ओर से नि:शुल्क नेत्र जांच की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी एवं अशोक भारतीय



उपस्थित रहे। अतिथियों ने क्षेत्रवासियों से आयुष्मान एवं आधार कार्ड योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। शिविर में 24 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 170 से अधिक लोगों के आधार कार्ड बनाए गए तथा लगभग 185 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराया। क्षेत्रीय जनता ने विधायक अजीत पाल त्यागी के आह्वान पर लगाए गए इस जनहितकारी शिविर की सराहना की।

### एमएमएच कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के छात्रों ने

## नेशनल टेस्ट हाउस में किया शोध कार्य, सर्टिफिकेट प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एम.एम.एच कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने भारत सरकार की प्रमुख अनुसंधान प्रयोगशाला नेशनल टेस्ट हाउस, गाजियाबाद में अपना रिसर्च प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूर्ण कर सर्टिफिकेट प्राप्त किए।

छात्रों ने डॉ. राजपाल त्यागी, हरिदत्त शर्मा तथा छञ्भ के वरिष्ठ वैज्ञानिक बुद्ध प्रकाश के कुशल निर्देशन में विभिन्न विषयों पर शोध कार्य किया। प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करने के उपरांत सभी छात्रों को नेशनल टेस्ट हाउस द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



शोध कार्य करने वाले छात्र-छात्राएं कीर्ति राय, प्रेरणा, गुलशमां, शिवम मिश्रा, शिवानी एवं रिया शर्मा। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. संजय कुमार सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो. आर.एस. यादव, प्रो. सीमा कोहली, प्रो. अनिरुद्ध भार्गव, प्रो सुभाषिनी शर्मा, प्रो. वन्दना द्विवेदी, प्रो. रत्ना शैरी, डॉ. राजपाल त्यागी तथा हरिदत्त शर्मा ने सभी छात्रों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. संजय कुमार सिंह ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ष्नेशनल टेस्ट हाउस जैसी प्रतिष्ठित सरकारी प्रयोगशाला में शोध कार्य का अनुभव छात्रों के अकादमिक एवं व्यावसायिक भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

डॉ. राजपाल त्यागी ने बताया कि इस तरह के उद्योग-अकाद. मिक सहयोग से छात्रों में व्यावहारिक कौशल का विकास होता है और वे राष्ट्रीय स्तर की अनुसंधान चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं। NTH के वैज्ञानिक बुद्ध प्रकाश के मार्गदर्शन की भी उन्होंने सराहना की।

### जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप भव्य रूप से सम्पन्न

## केवल मुस्कुराने से आप तनाव मुक्त, युवा एवं सुंदर बने रहते हैं: योगी प्रवीण आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 5वीं जिला योगासन स्पोर्ट्स चौंपियनशिप 2026 का आयोजन आई.टी.एस कॉलेज, मोहन नगर में अत्यंत सफलतापूर्वक एवं भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से आए खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सहभागिता की।प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं योग खिलाड़ियों की आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आई.टी.एस कॉलेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य उपस्थित रहे।दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों,प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए योग एवं योगासन खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।योगी प्रवीण




आर्य ने कहा की पूरी दुनियां में योग का डंका बज रहा है जो कुछ आपने यहाँ योग विशेषज्ञों से सीखा है उसे जीवन में बनाये रखें ताकि सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे।यदि अपने योग को अपनाया और अपने परिवार में सब को सिखाया तो आप सभी निरोगी एवं स्वस्थ बने रहेंगे।उन्होने मुस्कुराने के लाभों की प्रैक्टिकल चर्चा करते हुए बताया कि केवल मुस्कुराने से आप तनाव मुक्त,युवा एवं सुंदर बने रहते हैं।उन्होंने योग गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि सचिन राठी जी कॉर्पोरेट हेड इंडस वैली ग्रुप ऑफ स्कूल ने आयोजन समिति एवं सभी प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों एवं युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का विकास करती हैं तथा उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रशिक्षकों, निर्णायकों, आई.टी.एस कॉलेज प्रबंधन, अभिभावकों एवं सहयोगकर्ताओं का सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सौरभ गुप्ता, कोषाध्यक्ष धर्मप्रकाश, प्रतियोगिता के निदेशक सुरेन्द्र चौहान, प्रिंसिपल डा प्रमोद सक्सेना, अरुण आर्य व वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष शर्मा आदि उपस्थित रहें।

## प्रधानमंत्री मोदी व्यवहारिक हैं, कोई आर्थिक आपातकाल नहीं: एम. चूबा आओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम. चूबा आओ ने कहा कि इन दिनों हर कोई मितव्ययिता उपायों की चर्चा कर रहा है। शायद इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील से हुई। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से आग्रह किया-सोना खरीदना कम करें, खाद्य तेल का कम उपयोग करें, आयातित वस्तुओं से बचें, विदेश यात्राओं को सीमित करें, उर्वरकों का कम उपयोग करें, घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) को बढ़ावा दें, ईंधन की अनावश्यक खपत से बचें और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। तकनीकी रूप से देखें तो ये मितव्ययिता के कठोर उपाय नहीं हैं। ये एक ऐसे नेता की सरल किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण अपीलें हैं जो राष्ट्र का नेतृत्व अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर करना चाहता है। इनमें से कुछ खर्च वास्तव में अनावश्यक और अपव्ययी हैं। ऐसी अपील केवल एक ईमानदार प्रधानमंत्री ही कर सकता है। मेरी दृष्टि में, सत्तर के दशक की आयु में पहुंचे नागरिक होने के नाते हममें से कोई भी ऐसी अपील कर सकता था। नागालैंड में तो कोई भी गांव का बुजुर्ग ऐसी सलाह दे सकता था। दूसरे शब्दों में, ये न तो प्रतिबंध हैं और न ही कोई अनिवार्य आदेश। इन अपीलों को अपनाना केवल राष्ट्रहित में है। यह पूरी तरह एक व्यवहारिक और दूरदर्शी कदम है। वर्तमान परिस्थितियों में हम सभी को उन चुनौतियों को लेकर चिंतित होना चाहिए जो आने वाले महीनों और वर्षों में हमारे सामने आ सकती हैं। एक राष्ट्र के रूप में भारतीय



अर्थव्यवस्था ने निश्चित रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन हम यह भी जानते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक जटिल व्यवस्था है। इसका संचालन अच्छे मानसून और नियंत्रित तेल कीमतों जैसे कारकों पर भी निर्भर करता है। इसलिए संभावित भविष्य संकट के लिए पहले से तैयारी करना बुद्धिमानी है और प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से स्थिति की गंभीरता को समझने का सही आग्रह किया है। अंततः मोदी जी के सुझावों का सकारात्मक प्रभाव केंद्र सरकार के आर्थिक बोझ को कम करने और विदेशी मुद्रा के अनावश्यक बहिर्वाह को रोकने में सहायक हो सकता है। प्रधानमंत्री की सात सूत्रीय "अपील संहिता" को नागरिकों को लंबे समय तक जारी रहने वाली भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के लिए तैयार करने के एक ईमानदार प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। यह एक व्यवहारिक कदम है। हम जिन आर्थिक चुनौतियों और संभावित झटकों का सामना कर रहे हैं, वे दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों की मांग करेंगे और हमें उसके लिए भी तैयार रहना चाहिए।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने ड्रोन टेक्नोलॉजी को नजदीक से समझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा छात्रों के लिए ड्रोन टेक्नोलॉजी पर एक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण आईएचएफसी (ड्रोन टेक्नोलॉजी पार्क), आईआईटी दिल्ली के सोनीपत परिसर स्थित टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा स्थापित) में आयोजित किया गया।

इस भ्रमण में बी.टेक (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के लगभग 70 छात्रों ने भाग लिया, जो एआईएमएल और साइबर सिक्योरिटी जैसे विषयों की पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रों ने पूरे




उत्साह के साथ इसमें हिस्सा लिया और ड्रोन टेक्नोलॉजी से जुड़ी कई नई चीजें सीखीं। भ्रमण के दौरान छात्रों को बताया गया कि ड्रोन कैसे काम करते हैं और उन्हें कैसे कंट्रोल किया जाता है। सिमुलेशन के जरिए ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग भी दी गई, जिससे छात्रों को बिना जोखिम के अभ्यास करने का मौका मिला। इसके साथ ही रियल टाइम फ्लाइट का डेमो भी दिखाया गया, जिसमें ड्रोन की असली उड़ान को समझाया गया। विश्व. विद्यालय के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं, बल्कि प्रैक्टिकल अनुभव भी बहुत जरूरी है। प्रो-चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के कौशल विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे ऐसे मौकों का पूरा लाभ उठाएं और नई तकनीकों को सीखने के लिए हमेशा उत्सुक रहें।

वहीं निदेशक प्रो. डॉ. जयदीप कुमार ने कहा कि इस तरह के अनुभव छात्रों को अपने भविष्य के करियर विकल्पों को समझाने में काफी मदद करते हैं। इस भ्रमण का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक शहनवाज आलम एवं सविता जोशी द्वारा किया गया, जिन्होंने इसे सभी प्रतिभागियों के लिए सुगम एवं ज्ञानवर्धक बनाया।

यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए एक उपयोगी अनुभव साबित हुआ, जिसमें उन्हें कक्षा में सीखी गई बार्ता को वास्तविक दुनिया में देखने और समझने का मौका मिला

## हिंदू युव वाहिनी के पदाधिकारियों का मोदीनगर में किया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** हिंदू युव वाहिनी के कार्यकर्ताओं द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अतिथियों का भाव स्वागत किया गया तथा हिंदू युव वाहिनी के कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया । हिंदू युव वाहिनी के कार्यकर्ताओं द्वारा हापुड़ रोड स्थित एवीएस गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाराज अनिल गुरु जी संरक्षक, संजीव गौड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष, सतेन्द्र दलाल राष्ट्रीय विशिष्ट उपाध्यक्ष, रवि मल्होत्रा राष्ट्रीय महामंत्री, विधायक डॉ० मंजू सिवाच , पालिका चेयरमैन विनोद वैशाल, विजय मलिक प्रदेश उपाध्यक्ष उ० प्र०, सतीश शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष उ० प्र०, टीसा गोस्वामी पश्चिमी उ०प्र० अध्यक्ष महिला मोर्चा, मुकेश खारी गाजियाबाद जिला अध्यक्ष, डॉ अलका चौधरी मोदीनगर शहर अध्यक्ष महिला मोर्चा, तीशा गोस्वामी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पधारे हिंदू युव वाहिनी के पदाधिकारियों ने धर्म की रक्षा, समाज की सेवा, युवाओं की शक्ति राष्ट्र की भक्ति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया।

## बुकिंग के 20 दिन बाद भी नहीं मिल रहा गैस सिलेंडर

**गाजियाबाद।** सेक्टर 23 संजय नगर के निवासी हरस्वरूप सिंगल ने एक पत्र देकर आरोप लगाया कि उन्होंने भारत पेट्रोलियम के दिशा निर्देशों के अनुसार बीते 23 अप्रैल को अपना गैस सिलेंडर बुक कराया था लेकिन उनका गैस तय समय के बाद भी उनके घर पर नहीं पहुंचा। जबकि वही के रहने वाले अन्य लोगों ने उनके बाद गैस सिलेंडर बुक कराया और उनका गैस उनके घर पहुंच गया है। आरोप है कि व्यक्तिगत रूप से वह कई बार गैस एजेंसी पर पहुंचे लेकिन उन्हें कोई ना कोई अग्रिम समय देकर वहां से टाल दिया गया हालत यह है कि अभी तक उन्हें बुकिंग होने के बावजूद भी सिलेंडर नहीं मिला है। इस संबंध में उन्होंने सेक्टर 14 स्थित इंडियन गैस एजेंसी वह संबद्ध अधिकारियों को पत्र लिखकर संज्ञान लेने की गवार लगाई है।

### इम्पीरियल स्कूल के बच्चे गोल्ड मेडल से सम्मानित

**नजीबाबाद।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने दिल्ली ताईक्वांडो एसोसिएशन (पंजीकृत) की ओर से ताल कटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में 13 से 15 मई 2026 तक आयोजित 12वीं ओपन नेशनल ताईक्वांडो चैम्पियनशिप में भाग लिया, जिसमें विद्यालय में कक्षा 11 मैथ्स के शौर्य त्यागी व जतिन तोमर ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### द अशोक फाउंडेशन का यशोदा मेडिसिटी इंदिरापुरम में शुभारंभ

## कैंसर मरीजों को सही मार्गदर्शन, सहयोग और आशा प्रदान करने को नई पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** द अशोक फाउंडेशन का शुभारंभ समारोह यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम के सभागार में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधन, कैंसर विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं समाज के अनेक गणमान्य लोगों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉक्टर उपासना अरोड़ा, एम डी, यशोदा मेडिसिटी, ओ पी सिन्हा, असिस्टेंट कमिश्नर, इनकम टैक्स,एवं डॉक्टर अशोक श्रीवास्तव, अध्यक्ष नवरत्न फाउंडेशन ने दीप प्रज्जलवन कर




के किया। अंजू श्रीवास्तव, चेयरपर्सन अशोक फाउंडेशन, यशोदा मेडिसिटी कैंसर विभाग के चेयरमैन डॉ. मनीष सिंघल, अशोक श्रीवास्तव और डॉ विपिन कुमार, अध्यक्ष इंटीग्रेटेड आयुष काउंसिल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर फाउंडेशन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान यशोदा मेडिसिटी प्रबंधन एवं अस्पताल के कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने फाउंडेशन के उद्देश्यों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया। इस सहयोग के लिए फाउंडेशन की ओर से सभी चिकित्सकों डॉ मनीष सिंघल, डॉ गगन सैनी, डॉ सतेंद्र कौर, डॉ सुमंत भोलू एवं डॉ सुनील डागर के साथ साथ अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर अनुरंजन श्रीवास्तव ने भावुक होते हुए कहा कि 7 मई 2021 वह दिन था जिसने उनकी जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया, जब उन्होंने अपने पिता को कैंसर के कारण खो दिया। समारोह में फाउंडेशन के सभी ट्रस्टी अनु. रंजन श्रीवास्तव , मधुलिका , कृति रंजन , संजय लाभ, सोना. लिका गौतम और विवेक श्रीवास्त के साथ कुछ सदस्य विशाल गौतम, विश्वा पाठक, नितिन गुप्ता, निशांत वर्मा, सुरेश चंद्र, प्रमोद श्रीवास्तव, आनंद बल्लभ, राहुल प्रकाश, प्रवीण सक्सेना सहित कई लोग उपस्तिथ रहे। विवेक श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम के अंत में हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा आयोजित हाई टी में सभी उपस्तिथ लोग शामिल हुए।

# मजदूर परिवार पर जानलेवा हमला, दो बच्चियों सहित चार घायल

## पीड़ित परिवार ने पुलिस ने शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ की कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग







**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के फखरपुर गांव में एक ईंट भट्ठे पर मजदूर परिवार पर जानलेवा हमला हुआ है। इस हमले में दो बच्चियों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि 15 से अधिक लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

खैरून पत्नी गुलजार ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनका पड़ोस में रहने वाले एक परिवार से किसी बात को लेकर मामूली विवाद हुआ था। शुरुआत में आसपास के लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत करा दिया था, जिसके बाद सभी अपने काम पर लौट गए थे। शिकायत के अनुसार, विवाद शांत होने के कुछ समय बाद पड़ोसी परिवार ने लोनी से 15 से अधिक लड़कों को बुलाया। इन लोगों ने खैरून के परिवार पर अचानक हमला कर दिया। हमले में खैरून, उनके पति और उनकी दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर मारपीट कर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित परिवार का मेडिकल परीक्षण कराया है और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाई जा रही सीसी रोड़ में घटिया सामग्री लगाने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**टीकरी।** कस्बे के बाईपास पर पीडब्ल्यूडी बागपत द्वारा बनवाई जा रही सीसी रोड में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए कस्बावासियों ने हंगामा प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही।

पीडब्ल्यूडी बागपत द्वारा बाईपास पर 350 मीटर लंबी सीमेंट की सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। कस्बावासियों का आरोप है कि सड़क बनने के तुरंत बाद ही इसमें दरारें दिखाई देने लगी हैं। इसके साथ ही, मार्ग की चौड़ाई भी मानक के अनुरूप कम की जा रही है। निवासियों ने ठेकेदार पर मानक के अनुरूप कार्य न करने और निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने इस संबंध में जल्द ही अधिकारियों से मिलकर शिकायत करने की बात दोहराई। हंगामा करने वालों में राजीव कुमार, सतेंद्र, जसवीर पप्पू, प्रवेश, कृष्ण, संजू और सुधीर सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता (एक्शन) अतुल कुमार ने कहा कि गर्मी के कारण भी सीसी रोड में दरारें आ सकती हैं। उन्होंने आश्वा. सन दिया कि मामले की जांच के लिए मौके पर एक टीम भेजी जाएगी।

# एएसपी ने किया रमाला और बडौत थाना का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने देर रात रमाला थाना और बड़ौत कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और डयूटी में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी।

निरीक्षण के दौरान, एडिशनल एसपी ने जनसुनवाई डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्पलाइन डेस्क और अभिलेखों के रखरखाव की जांच की। उन्होंने इन सभी बिंद. ुओं पर पुलिसकर्मियों को उचित निर्देश दिए। चौहान ने लंबित विवेचनाओं का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही, अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में तेजी लाने को कहा। उन्होंने बॉर्डर चौकियों पर विशेष चेकिंग अभियान और निगरानी बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, थानों में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने और महिला संबंधी अपराधों में गंभीरता से कार्रवाई करने पर जोर दिया। एडिशनल एसपी ने स्पष्ट किया कि डयूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उनके औचक निरीक्षण से दोनों थानों के पुलिसकर्मियों में सतर्कता देखी गई।



# मलकपुर गांव के ग्रामीणों ने किया बड़ौत कोतवाली में धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** मलकपुर गांव के ग्रामीणों ने रविवार को बड़ौत कोतवाली में धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही और अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि दो महीने छह दिन बीत जाने के बाद भी लापता लड़कियों की बरामदगी नहीं हो सकी है। परिजनों ने इस मामले में आत्मदाह की चेतावनी भी दी है।

यह प्रदर्शन भारतीय किसान यूनियन (भानु) के अध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में किया गया।।

प्रदर्शनकारियों ने कोतवाली परिसर में नारेबाजी करते हुए कहा कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वे कई बार थाने और अधिका. रियों के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है।प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। ग्रामीणों ने मांग की कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो उन्हें सड़क पर उतरकर धरना देने की नौबत नहीं आती।

ग्रामीणों ने बताया कि लड़कियों के परिजनों ने पहले भी अधिकारियों को आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद मामले में अपेक्षित तेजी नहीं दिखाई गई, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

धरने के दौरान कोतवाली परिसर में काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस अधिका. रियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों और किसान यूनियन के पदाधिका. रियों से बातचीत की। अधिकारियों ने मामले की गंभीरता से जांच कर जल्द उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद ग्रामीणों ने अपना ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक वे पीछे नहीं हटेंगे।

धरने में प्रवेश कुमार एडवोकेट (एन सीआर युवा अध्यक्ष) और सनी चौधरी (जिला अध्यक्ष बागपत) सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे।





# बुखार से महिला की मौत, कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** एक 28 वर्षीय महिला की बुखार के चलते मौत हो गयी जिसमे परिजनों का रो रो बुरा हाल है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।

रटौल निवासी सोनू की 28 वर्षीय पत्नी सोनिया नें 13 दिन पहले एक बेटी को लोनी के प्राईवेट अस्पताल में जन्म दिया था सोनू के पहले दो बेटे है। सोनिया के ससुर मंगू नें बताया कि वह बेटे की बहू को ठीक ठाक लोनी अस्पताल से घर ले आये थे और सब ठीक ठाक था एक दिन पहले उसने घबराहट होने और बुखार होने की बात की तो सोनिया के परिजन उसे मोदीनगर एक अस्पताल में ले गये जहा से उसे मेरठ ले गये जहा डाक्टरों ने उसे तेज बुखार होने की बात कही। वही उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी जिससे परिजनों का रो-रो बुरा हाल है।

कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है खेकड़ा सीएचसी प्रभारी डाक्टर ताहिर नें बताया कि उन्हें महिला के बुखार की कोई जानकारी नही है। मौकें पर टीम भेजकर जांच करायी जायेगी।

# मारपीट व धमकी के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** हेवा गांव में एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना 15 मई की रात की है।

चंद्रपाल पुत्र रघुवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 मई की शाम वह अपने घर पर मौजूद थे। रात करीब 10 बजे गांव के कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए और गाली-गलौच करने लगे। जब चंद्रपाल ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित चंद्रपाल का आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें जमीन पर गिराकर गला दबाने का प्रयास किया। इसी दौरान उनकी पत्नी पूनम मौके पर पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता और गाली-गलौच की। शोर सुनकर प्रदीप पुत्र जगदीश सहित कई ग्रामीण वहां पहुंच गए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। चंद्रपाल ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और पूर्व में हत्या के एक मामले में सजा भी काट चुके हैं। घटना में घायल चंद्रपाल को पहले छपरौली के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि सुधीर पुत्र मांगा, राहुल पुत्र मांगा, सुभाष पुत्र मांगा और अमित पुत्र मांगा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गांव से नाबालिग लड़की लापता, पिता ने पुलिस से की लड़की की सकुशल बरामदगी और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**छपरौली।** क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। लड़की के पिता ने छपरौली थाने में तहरीर दी है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपी युवक उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। यह घटना 14 मई को दोपहर करीब 2 बजे हुई।

पीड़ित पिता ने बताया कि आरोपी लगभग एक साल पहले उनके गांव में गन्ने के कोल्हू पर काम करता था और अक्सर उनके मोहल्ले में घूमता रहता था। आरोप है कि वह काफी समय से उनकी बेटी पर गलत नजर रख रहा था और उसे बहकाने की कोशिश करता था। परिजनों के अनुसार, आरोपी पहले भी उनकी बेटी को अपने साथ ले जाने का प्रयास कर चुका था। उस समय परिवार वालों ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया था। आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसी हरकत न करने का वादा किया था। इसके बावजूद परिवार को पहले से ही उस पर किसी अनुचित घटना का शक था। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी नाबालिग है और आरोपी उसे बहला-फुसलाकर अपने जाल में फंसाकर ले गया है। परिवार ने पुलिस से लड़की की सकुशल बरामदगी और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने जानकारी दी कि आरोपी गौरव पुत्र सतपाल निवासी गांव खेड़ी सौडियान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# आगामी 5 जून को हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा पूरे जनपद में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा पूज्य महाराज का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के हिन्दू युवा वाहिनी की बैठक मांगरोली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिनौली ब्लॉक अध्यक्ष आकाश शर्मा ने की। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी आलोक शास्त्री उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने कहा कि हिन्दू युवा वाहिनी का प्रत्येक कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं हिन्दू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज को पुन: तीसरी बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि महाराज द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंच. ाने का कार्य संगठन के कार्यकर्ता निरंतर कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आगामी 5 जून को पूज्य महाराज का जन्मोत्सव हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा पूरे जनपद में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक, नगर एवं ग्रामीण स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हिन्दू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष संजीव तोमर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 5 जून को महाराज का जन्मदिन होने के साथ-साथ विश्व पर्यावरण दिवस भी है। इस अवसर पर प्रत्येक ब्लॉक एवं नगर इकाई द्वारा कम से कम 10-10 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। बैठक को जिला उपाध्यक्ष नरेश पाल सिंह एवं जिला मंत्री राजीव भारद्वाज ने भी संबोधित किया तथा संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में उपस्थित हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में बबीत त्यागी, गौरव त्यागी, रामकिशन शर्मा, कृष्णपाल पवार, रोहन सिंह, राम अवतार सिंह एवं देशपाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चयनित अंशकालिक अनुदेशकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** गांव के सरकारी स्कूलों में बच्चों को खेल, कला, कंप्यूटर और गतिविधियों से जोड़ने वाले अंशकालिक अनुदेशकों के चेहरों पर आज खुशी साफ दिखाई दी। प्रदेश सरकार द्वारा मानदेय 9 हजार रुपये से बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की घोषणा के बाद बागपत में भी उत्साह का माहौल रहा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में प्रत्येक विकास खंड से चयनित एक-एक अंशकालिक अनुदेशकों को सम्मानित किया गया और उन्हें चेक वितरित किए गए। वहीं जिलेभर में कुल 33 अनुदेशक कार्यरत है।

लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी समारोह में दिखाया गया, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशभर के 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों के लिए मानदेय वृद्धि की घोषणा की।

जैसे ही बढ़े हुए मानदेय की घोषणा हुई, सभागार तालियों से गूंज उठा। कई अनुदेशक मोबाइल पर कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो बनाते नजर आए। वहीं अनुदेशकों एवं उनके परिवारजनों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा की भी घोषणा की। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री केपी मलिक ने लाभार्थियों को चेक वितरित करते हुए कहा कि गांव के बच्चों को नई दिशा देने में अनुदेशकों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि खेल, कला, कार्य शिक्षा और कंप्यूटर जैसी गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास को मजबूत करती हैं।

# अंडर-23 जिला स्तरीय कुश्ती ट्रायल संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** चौधरी फेरू सिंह कुश्ती एकेडमी दाहा में रविवार को अंडर-23 जिला स्तरीय कुश्ती ट्रायल संपन्न हुई। इसमें उत्तम राणा और मयंक तोमर ने अपने-अपने भार वर्ग में सबसे बड़े मुकाबले जीते। इन विजेता पहलवानों को 31 मई से भदोही में शुरू होने वाली स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में 57 किग्रा. में विशाल तोमर, 61 किग्रा. में हर्ष तोमर, 65 किग्रा. में सावेज, 70 किग्रा. में नदीम, 74 किग्रा. में वैराग्य, 79 किग्रा. में रजत तोमर, 86 किग्रा. में अनुज तोमर, 92 किग्रा. में रौनक और 97 किग्रा. में अक्षित तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 125 किग्रा. भार वर्ग की कुश्ती में मयंक तोमर विजेता रहे। ग्रीको रोमन शैली पुरुष वर्ग में 55 किग्रा. में विशाल कुमार, 60 किग्रा. में शादाब, 63 किग्रा. में मुकुल, 67 किग्रा. में पारस, 72 किग्रा. में सौरव राणा, 82 किग्रा. में रितिक, 87 किग्रा. में अनुज कुमार और 97 किग्रा. में विशेष चौहान ने जीत हासिल की। 130 किग्रा. भार वर्ग की सबसे बड़ी कुश्ती उत्तम राणा ने जीती। महिला वर्ग में 50 किग्रा. में अंशिका, 53 किग्रा. में ईशा खोखर, 55 किग्रा. में कृष्णा कुमारी, 57 किग्रा. में प्रीति, 59 किग्रा. में रिया, 65 किग्रा. में कीर्ति तुषीर और 72 किग्रा. भार वर्ग में अंजलि पंवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दाहा एकेडमी संचालक और अर्जुन अवार्डी पहलवान सुनील राणा तथा कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र खोखर ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेता पहलवान 31 मई से 2 जून तक भदोही में आयोजित होने वाली अंडर-23 स्टेट चौंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर चरण सिंह खलीफा, देशपाल खलीफा, जितेंद्र राणा, पंकज राणा, अनुज राणा और सूरज सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में एसआईआर के बाद प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची की कमियों का संज्ञान लिया गया। मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम में गोत्र या उपनाम को लेकर बड़ी संख्या में विसंगतियां है साथ ही साथ बीएलए और बूथ प्रभारी को भी मतदाता सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस संबंध में तीनों विधानसभाओं की मतदाता सूचियां का अवलोकन किया गया। इसके बाद समाजवादी पार्टी के जिला संगठन के पदाधिकारी और पूर्व में नियुक्त बीएलए को जो उपनाम व गोत्र आदि की विसंगतियां हैं। उनको दुरुस्त करने के लिए मतदाता सूची के प्रत्येक पेज का अवलोकन करने और साथ ही साथ जिन मतदाताओं के नाम में विसंगतिया है। उनका फार्म 8 भरवा कर संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर या निर्वाचन अधिकारी को जमा करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में हुए चुनाव के समय में मतदाता सूचियों के संबंध में अनेक शिकायती मिली है और भारतीय जनता पार्टी मतदाता सूची में सरक. ारी तंत्र और निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के माध्यम से विपक्षी दलों के समर्पित वोट बैंक को प्रभावित करने का प्रयास करती है, लेकिन सपा संगठन उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा की चाल को सफल नहीं होने देगा। बैठक के अंत में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के असामायिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। बैठक में सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, राजपाल शर्मा, नगेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह गुर्जर, रवि बैसला, काला विधूड़ी, राहुल यादव, सुरेन्द्र राठी आदि मौजूद रहे।




# बाल्मीकि समाज ने मनाई महान क्रांतिकारी जियालाल आजाद की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** अ.भा.वा.नव युवक संघ जिलाध्यक्ष अजय कुमार बहोत के प्रतिनिधियो के साथ कैराना वाल्मीकि धर्मशाला उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरपाल गहलोत अध्यक्ष वाल्मीकि महाप. ंचायत संचालन राजेश एडवोकेट ने किया। अमित प्रधान मुकेश सुनील नाला ने जियालाल की चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

रामसेवक ने बताया 1936 में कैराना में हुआ बाल्मीक समाज में जन्म लेकर भारत के लिये आजादी लड़ाई लड़ी के पी सिंह डिगान दाहा बताया ये समाज एवं देश हित के लिए कई बार जेल गए, समाज का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष माया राम ने बताया कि सरकार ने उन्हें सम्मानित भी किया। बसो का परमिट भी दिया लेकिन उन्होंने इस लाभ लेने से मना कर दिया था। तेजपाल सिंह ने उन्हें महान क्रांतिकारी विचारक बताया संदीप चौधरी जागृति ऑर्गेनाइजेशन भारत के प्रदेश अध्यक्ष ने उनको सादर श्रद्धांजलि अर्पित की ओमपाल डायरेक्टर ने उन्हें सच्चा समाज सेवी भी बताया नन्द किशोर आजाद ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नंदू प्रसाद चौधरी मनीराम ऋषि पाल सजय कुमार रमेश कुमार बिजेंदर सोमपाल सिंह सुरेश विश्वकर्मा चटटान सिंह सतीश बरनावा, चिल्ला सिंह अमित कुमार सतीश भगत लकी प्रिंस कुमार सुनील रामकुमार उपेंद्र गहलोत सुभाष प्रदीप केसला आनंद अंकित डिगान कारण आदित्य जगदीप राधे श्याम मुकेश तीतरवाडा, कृष्णपाल आदि उपस्थित रहे।



# मुठभेड के बाद पुलिस के हत्थे चढे अतुल हत्याकांड के तीन आरोपी

## पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता, मुठभेड में एक पुलिसकर्मी भी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर अतुल तोमर की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। शनिवार देर रात पिलखुवा कोतवाली पुलिस, हापुड़ नगर पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में तीन आरोपित पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिए गए। जवाबी फायरिंग में तीनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गालंद निवासी अतुल तोमर सोमवार रात अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह रिलायंस रोड पर पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गंभीर हालत में उन्हें गाजियाबाद के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश फैल गया था। मृतक की मां ने भाजपा के जिला मंत्री समेत चार नामजद और अन्य आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के दौरान भी नाराजगी जताई थी और आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया था। पुलिस अधिकारियों ने जल्द खुलासे का भरोसा दिया था। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि हत्याकांड के खुलासे के लिए कई टीमें लगातार



काम कर रही थीं। शनिवार देर रात पुलिस टीम एनएच-9 से डूहरी रोड जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार आती दिखाई दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो कार सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें दबोच लिया गया। वहीं सिपाही संदीप राठी भी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने अतुल तोमर की हत्या में शामिल होने की बात कबूल की है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गालंद निवासी लवकुश तथा गाजियाबाद के मसौता गांव निवासी कपिल और गौरव के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन तमंचे, कारतूस और वारदात में प्रयुक्त अर्बन क्रूजर कार बरामद की है। पुलिस अब आरोपितों के आपराधिक रिकॉर्ड और हत्याकांड की साजिश से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच में जुटी है।

## बहादुरगढ़ में चोरों का आतंक, दो घरों से लाखों की नकदी-जेवरात उड़ाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गन्दूनगला में शनिवार देर रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। बदमाश बंद मकानों में घुसे और अलमारियों के ताले तोड़कर लाखों रुपये की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। सुबह परिवार के लोगों की आंख खुली तो घरों का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां टूटी हुई थीं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार सबसे पहले चोरों ने गांव निवासी रोबिन सिंह के घर में सेंध लगाई। बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर करीब एक लाख रुपये की नकदी और बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इसके बाद चोर पास में रहने वाले संदीप के घर पहुंच गए। यहां भी अलमारी तोड़कर करीब एक लाख बीस हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के जेवरात समेट ले गए। चोरों ने दोनों घरों में जमकर उत्पात मचाया। कमरों में रखे बैग, कपड़े, जरूरी दस्तावेज और अन्य सामान इधर-उधर फैला मिला। सुबह जब परिवार के लोगों ने यह नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए। घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। लोगों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त नहीं होने के कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। सूचना मिलने पर बहादुरगढ़ थाना प्रभारी इन्द्रकांत यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही संभावित रास्तों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फिंगरप्रिंट समेत अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# पुलिस की मुस्तैदी से मिला कीमती बैग, युवती ने जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को ईमानदारी और पुलिस की तत्परता की ऐसी मिसाल देखने को मिली, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। एक युवती जल्दबाजी में ई-रिक्शा में अपना बैग भूल गई। बैग में करीब 30 हजार रुपये नकद और सोने की ज्वैलरी रखी हुई थी। बैग गायब होने का अहसास होते ही युवती के होश उड़ गए। घबराई युवती सीधे नगर कोतवाली पहुंची, जहां थाना प्रभारी मनीष चौहान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत पुलिस टीम को सक्रिय कर दिया। कुछ ही घंटों में पुलिस ने न सिर्फ ई-रिक्शा चालक को तलाश लिया, बल्कि युवती का पूरा सामान सुरक्षित वापस भी दिला दिया।

जानकारी के अनुसार युवती मेरठ



जाने के लिए मयूरी में बैठकर आई थी। रास्ते में वह जल्दी-जल्दी ई-रिक्शा से उतर गई, लेकिन अपना बैग सीट पर ही भूल गई। ई-रिक्शा चालक भी अनजान था और सवारी छोड़ने के बाद आगे निकल गया। कुछ दूरी पर पहुंचते ही युवती को अचानक बैग की याद आई। बैग में नकदी और सोने के गहने होने के कारण उसकी घबराहट बढ़ गई। काफी तलाश के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला तो वह रोते हुए नगर कोतवाली पहुंच गई। थाना प्रभारी मनीष चौहान ने युवती को भरोसा दिलाया कि उसका सामान जल्द बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस ने चंद मिनटों में युवती के रूट की पड़ताल शुरू कर दी। जांच में पता चला कि ई-रिक्शा चालक दादरी गांव का रहने वाला है। पुलिस टीम तुरंत उसके घर पहुंची। उस समय चालक खाना खाने के लिए घर आया हुआ था। पुलिस ने जब ई-रिक्शा की तलाशी ली तो उसमें एक बैग रखा मिला। बैग खोलकर देखा गया तो उसमें नकदी और सोने की ज्वैलरी सुरक्षित रखी हुई थी। चालक ने बताया कि उसे इस बात की जानकारी ही नहीं थी कि किसी यात्री का बैग उसके वाहन में छूट गया है। उसने कहा कि यदि उसे पता चलता तो वह खुद बैग पुलिस के सुपुर्द कर देता। पुलिस टीम बैग को लेकर नगर कोतवाली पहुंची और युवती को बुलाकर पूरा सामान सुपुर्द कर दिया। कुछ घंटे पहले ही उन्होंने एक युवक का खोया मोबा. इल तलाश कर उसे लौटाया था और अब नकदी व जेवरात से भरा बैग बरामद कर युवती की मुस्कान वापस लौटा दी।

## आधी रात बिजली लाइन में धमाकों के साथ भड़की आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुलंदशहर रोड स्थित मोहल्ला कोटला मेवातियान में शनिवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मीनार मस्जिद के पास अचानक विद्युत तारों में तेज धमाकों के साथ आग लग गई। लगातार हो रहे धमाकों और चिंगारियों से इलाके में दहशत फैल गई। करीब चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पहले लोगों को किसी बड़े हादसे की आशंका हुई, लेकिन बाहर निकलकर देखा तो बिजली के तारों में आग लगी हुई थी और चिंगारियां निकल रही थीं। कुछ देर तक लगातार धमाके होते रहे, जिससे आसपास के लोगों में भय का माहौल बन गया।



स्थानीय निवासी शादाब ने बताया कि आग लगने के बाद तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी गई, लेकिन काफी देर तक कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों ने कई बार फोन कर बिजली कटवाने की मांग की। करीब एक घंटे बाद विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लाइन को बंद कर मरम्मत कार्य शुरू किया। लगभग तीन बजे के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। हालांकि रविवार सुबह तक इलाके में ट्रिपिंग की समस्या बनी रही, जिससे लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हुए। मोहल्लावासियों ने बिजली विभाग से जर्जर तारों को बदलने और लाइन व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। अधिशासी अभियंता सचिन द्विवेदी ने बताया कि सूचना मिलते ही अवर अभियंता अशोक कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। कर्मचारियों ने रात में ही फाल्ट को ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल करा दी। विभाग की कोशिश रहती है कि किसी भी शिकायत का तत्काल समाधान किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को अधिक परेशानी न उठानी पड़े।

# मिलावटखोर लगा रहे वृंदावन की साख को बट्टा

'kkg VkbEl lokn nkrk

eFkqjkA मिलावट खोर वृंदावन की साख को बट्टा लगा रहे हैं। जिला प्रशासन का मिलावटखोरों पर रत्ती भर खौफ नहीं है। दो दिन में करीब तीन लाख रुपये कीमत का पेडा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पकडा है। पकडे गये खोआ को सैंपलिंग करने के बाद नष्ट करा दिया गया। एक ही रूट पर एक ही सोर्स से लगाता हो रही सप्लाई को रोकने में जिला प्रशासन नाकाम रहा है।

शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वृंदावन में धौलपुर यराजस्थानद्ध से तस्करी कर लाया गया 17 कुंतल य1700 किलोद्ध दूषित पेड़ा जब्त किया



है। प्लास्टिक के 43 बोरों में बेहद अस्वस्थकर और बदबूदार परिस्थितियों में छिपाकर लाए गए इस पेड़े की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 58 हजार रुपए बताई जा रही है। रविवार को एक बार फिर अधोमानक खोआ पकडा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में रमणरेती चौकी प्रभारी वृंदावन के सहयोग से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के सचल दल अरुण कुमार एवं दलबीर सिंह द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान पुरूषोत्तम मास के महीने में वृन्दावन में खपाने के लिए विष्णु पुत्र अमरचंद निवासी छटीकरा मथुरा के नौकर द्वारा स्कूटी संख्या यूपी 85 बीड ब्लूयू 2816 पर 4 प्लास्टिक के बोरों में लगभग 150 किलोग्राम संदिग्ध पेड़ा बिक्री के लिए ले जाते हुए पकड़ा गया। दूषित पेड़ा अस्वस्थकर परिस्थितियों में प्लास्टिक के बैग में भंडारित था। स्कूटी पर ले जा रहा कौशल पुत्र सोरन सिंह निवासी जाचौंदा गोवर्धन एवं उसके साथ संतोष पुत्र श्याम बाबू निवासी कोसी खुर्द द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा विष्णु पुत्र अमरचंद के यहां से प्लास्टिक के बैग में पेड़ा स्कूटी पर रखकर श्री बांके बिहारी जी मंदिर के आसपास के दुकानों पर सप्लाई किया जाता है।

# जयगुरुदेव आश्रम पर पांच दिवसीय कार्यक्रम शुरू

चित्र –003

'kkg VkbEl lokn nkrk

eFkqjkA जयगुरुदेव आश्रम पर बाबा जयगुरुदेव महाराज का पांच दिवसीय चौदहवां वार्षिक भंडारा सत्संग मेला के पहले दिन राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम और सतीश चन्द्र ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा कि हिन्दू का अर्थ हिंसा, हत्या, पापाचार और व्यभिचार से दूर रहना। आप राम, कृष्ण, मुहम्मद साहब को मानते हो और पूजा, इबादत करते हो तो उनके आदर्शों पर चलें। शाक. ाहार अपनाएं और बुद्धि नाशक नशीली चीजों का सेवन न करें। परहित बस जिन्ह के हिय माही। तिन्कहूं जग दुर्लभ कछु नाहीं।।



पंक्ति को उद्धृत करते हुए कहा कि जिनके ह्रदय में दूसरों के कल्याण की भावना होती है, उनके लिये कुछ भी दुर्लभ नहीं होता है। लोगों में प्रेम पैदा हो जाय तो नफरत चली जाये। समझाने का दौर चल रहा है। जब महात्मा चुप हो जाते हैं तो फिर कुदरत अपना काम करती है। धर्म कर्म के प्रचार को करते रहना है। देष को महान बनाना है तो हिंसा, हत्या को बंद कर दीजिये। महात्माओं का मिशन दुनिया के कल्याण का होता है। अभी भी वक्त है मानवता के बचाने का काम करें। सतयुग द्वापर त्रेता बीता काहू न जानी, शब्द की रीता। पंक्ति को उद्धृत करते हुये कहा कि यह रचना काल प्रभु की है। संतों ने सुरत शब्द का सरल मार्ग जारी किया। यही शब्द जीवात्मा को अपने जिन धाम सतलोक तक ले जाता है। इसी सुरत-शब्द भेद को सनातन धर्म कहा गया है। वैदिक मत काल देष का है। विभिन्न मत मतांतरों में फंस कर हम अपने अमर देष सतलोक को भूल चुके हैं। इसी की याद दिलाने वह कुल मालिक संत के रूप में मानव तन में अवत. रित होते हैं। कबीर साहेब, नानक जी, गोस्वामी जी, रविदास जी, मीराबाई, बाबा जयगुरुदेव जी महाराज आदि ने इसी भेद को बताकर जीवों को निजघर पहुंचाया। उसी का मानव जीवन सार्थक है।

## अभ्युदय कोचिंग ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों से मांगे आवेदन

eFkqjkA मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजना के शासनादेश के क्रम में परीक्षा पूर्व विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई, एनडीए, सीडीएस एवं एक दिवसीय परीक्षा जैसे एसएससी, यूपी एसएसएससी (पेट) इत्यादि की तैयारी हेतु छात्रों को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के लिये जनपद स्तर पर वर्चुअल एवं साक्षात कक्षाओं का आयोजन किया जायेगा।

क्रम में इच्छुक अध्यापन कार्य हेतु योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाओं अतिथि व्याख्याताओं के रूप में ली जायेगी। व्याख्यान के लिए आमंत्रित किये जाने वाले विषय विशेषज्ञों वार्ताकारों व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान दर दो हजार कार्मिक विभाग के शासनादेश के अनुरूप तथा समय समय पर निर्गत शासनादेश में निर्धारित प्राविधानों के अंतर्गत मानदेय का भुगतान किया जायेगा। एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी। एक अतिथि प्रवक्ता को प्रतिमाह अधिकतम तीस व्याख्यान अनुमन्य होगें।

# ब्रज 84 कोस परिक्रमा शुरू, बढने लगे आस्था के पग

'kkg VkbEl lokn nkrk

eFkqjkA ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा और अधिकमास गोवर्धन गिर्राज परिक्रमा को लेकर पुलिस ने अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए हैं। रविवार से शुरू हुई एक माह की ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा लगाने को श्रद्धालुओं उमड़ पड़े।

इनकी सुरक्षा के लिए पूरे परिक्रमा मार्ग को छावनी में तब्दील कर दिया है। पांच जोन, 11 सेक्टर में सैकड़ों पुलिसकर्मी, पीआरवी वाहन और डाक्टरों की टीमें तैनात की गई हैं। ब्रज की आस्था, श्रद्धा और परंपरा के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। 17 मई से 17 जून तक चलने वाली इस परिक्रमा में लाखों श्रद्धालुओं के पहुं.



चने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का चक्र तैयार किया है। इससे पूरा परिक्रमा मार्ग 24 घंटे निगरानी में रहेगा। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग और गोवर्धन में ब्रीफिंग कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए। कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी स्तर पर ढिलाई मिली तो जिम्मेदारी तय होगी। गोवर्धन में जोन, सेक्टर स्कीम लागू 21 किलोमीटर लंबे गोवर्धन परिक्रमा मार्ग को सुपर जोन, तीन जोन और छह सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। यहां भीड़ को देखते हुए पुलिस बल की संख्या और बढ़ाई गई है।

तीन पुलिस उपाधीक्षक, सात निरीक्षक, 38 उपनिरीक्षक, 201 सिपाही, 10 महिला सिपाही और यातायात पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। डीएम व एसएसपी ने देखी सुरक्षा, सफाई व प्रकाश व्यवस्था डीएम सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा, सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा शिविर और सड़क मरम्मत के निर्देश दिए।

### एक नजर

## पुलिस ने वकीलों पर किया लाठीचार्ज

y[kuÅA लखनऊ में अवैध चौंबरों पर सुबह-सुबह पुलिस ने पहुंच कर बुलडोजर चला दिया जिससे वकील आक्रोशित हो गए। पुलिस बुलडोजर चला इस दौरान वकीलों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वकील ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस दौरान वकील और पुलिस के बीच भी हुई नोक जोक भी हुई वकीलों के द्वारा किए जा रहे हंगामा के दौरान हंगामा कर रहे वकीलों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। राजधानी में वकीलों के अवैध चौंबरों पर रविवार को बुलडोजर चला। हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई हुई। नगर निगम, पुलिस व जिला प्रशासन की टीमों ने सुबह से ही इन्हें तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस-प्रशासन से उनकी बहस भी हुई। इस दौरान हंगामा कर रहे वकीलों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। वहीं दूसरी तरफ एक वकील ने खुद को चौंबर में बंद कर लिया। उसने कहा कि हमे कोई नोटिस नहीं मिली है। सिर्फ चौंबर तोड़े जा रहे हैं। उसने चौंबर के अंदर फांसी लगाने की कोशिश की। बताते चलें कि हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य भवन व कचहरी के आसपास बने वकीलों के 240 अवैध चौंबर तोड़ने के लिए कहा था। इसके बाद नगर निगम ने नोटिस चस्पा किए थे। वकीलों को खुद अवैध चौंबर हटाने के लिए वक्त भी दिया था। इसकी मियाद पूरी होने के बावजूद इन चौंबरों को नहीं हटाया गया। इस पर बुलडोजर चलाया गया। वकीलों के हंगामे के आसार के मद्देनजर पीएसी बल भी तैनात की गई है। जिस जगह पर हमारे वकील बैठते थे, उस जगह को हटाया जा रहा है। अगर वे सभी चौंबर्स को गिराने से पहले बैठने के लिए कोई दूसरी जगह दे देते, तो यह ज़्यादा सही होता। उन लोगों के चौंबर्स भी गिरा दिए, जिन्हें गिराने के लिए निशान भी नहीं लगाए गए थे। 72 चौंबर्स की पहचान की गई थी। उन्हें गिराने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था। लेकिन, उन्होंने उन खास चौंबर्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय, आम लोगों के चौंबर्स हटा दिए। इससे पहले नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि मुख्य रूप से स्वास्थ्य भवन चौराहे से चकबस्त चौराहे की सड़क पर, सदर तहसील व निबंधन कार्यालय, रेजिडेंसी से सीएमओ, स्वास्थ्य भवन से जिला सत्र न्यायालय की ओर सड़क पर अवैध चौंबर बनाए गए हैं। हालांकि, इससे पहले ही कुछ वकीलों ने कब्जा छोड़ दिया है।

## स्वस्थ नागरिक ही मजबूत राष्ट्र की पहचान: अब्दुल कुद्दूस

y[kuÅA स्टेट तकमीलुत्तिब कॉलेज एंड हॉस्पिटल्स की जानिब से मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी के जनरल सेक्रेट्री डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी की सरपरस्ती में मोहल्ला पटवारी, कस्बा बिजनौर, लखनऊ में निःशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैंप इंचार्ज डॉ. सफिया लोखंडे ने कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति केवल रोगों का इलाज ही नहीं करती, बल्कि संतुलित खान-पान, परहेज़ और प्राकृतिक जीवनशैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी जागरूक करती है। डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने कहा कि आयुष पद्धति के अंतर्गत यूनानी चिकित्सा इंसानी मिज़ाज, रहन-सहन और प्राकृतिक उपचार पर आधारित है, जिसमें जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक औषधियों के माध्यम से रोगों को दूर करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मधुमेह, बीपी, जोड़ों का दर्द, एलर्जी और तनाव जैसी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में यूनानी चिकित्सा सुरक्षित और प्रभावी विकल्प बनकर सामने आ रही है। शिविर में लगभग 150 मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय सलाह दी गई तथा मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया। कैंप के आयोजन में प्रशिक्षु ज़ीनत जहां, मोहम्मद अदनान न शबाना इल्मी, तंजीम अहमद, अबीरा, मोहम्मद जमशेद, व मुश्ताक अली, हाफिज अरशद, हाफिज अकमल, मोहम्मद सुहैल, जिया लाल गौतम, मोहम्मद रियाज़, शोएब आदि का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी में अजय राय के नेतृत्व में हुए शामिल

'kkg VkbEl lokn nkrk

y[kuÅA राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जॉय बनर्जी ने बरेली मण्डल के विभिन्न समाज सेवा क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित समाज सेवकों और विभिन्न राजनैतिक दलों से आये हुए राजनीतिज्ञयो के संग पार्टी के विस्तार हेतु एक व्यापाक और सफल बैठक की। पार्टी की विचारधारा से सहमत हो कर सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोगो ने करतल ध्वनि के साथ तत्काल पार्टी में शामिल होने की सहमति दी। इस अवसर पर जॉय बनर्जी ने, अपने अपने समर्थको के साथ आये हुए जिला बरेली से रण विजय सिंह रघुवंशी, इकरार अहमद अंसारी, मनोज कुमार मौर्या, जिला शाहजहांपुर से विनीत श्रीवास्तव, डॉक्टर मो. हनीफ, जिला पीलीभीत से सईद अहमद इदरासी, जिला बदआयूं से अजय कुमार मिश्रा का भव्य स्वागत किया।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाईक सवार घायल

'kkg VkbEl lokn nkrk

jk;cjsyhA नसीराबाद नगर पंचायत नसीराबाद में रविवार को तेज रफ्तार एक डंपर की टक्कर से एक बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद भर्ती कराया जहां लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम भूलामऊ निवासी 22 वर्षीय उजैफा पुत्र अयूब रविवार दोपहर करीब तीन बजे बाइक से नगर पंचायत नसीराबाद चौराहा कपड़ा खरीदने जा रहा था जैसे ही वह जायसदृसलोन मार्ग पर नसीराबाद नगर पंचायत स्थित एक मीनारा मस्जिद के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी।

## आजम व अब्दुल्लाह खान को इन्सफ़ दिलाने के लिए प्रदर्शन

लखनऊ। देश के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आज़म खान साहब (पूर्व सांसद रामपुर) को और उनके परिवार को न्याय दिया जाए और निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मोहम्मद आज़म खान साहब, उनके परिवार एवं जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर पर कायम सभी मुकदमों को उत्तर प्रदेश से बाहर स्थानांतरित किया जाए, ताकि निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित हो सके। लगभग 350 मुकदमों की जांच हेतु सुप्रीम कोर्ट के जज के नेतृत्व में एस.आई.टी. (सीट) का गठन कर 6 माह भीतर जांच पूरी कराई जाये। मोहम्मद अरशद खान पूर्व विधायक जौनपुर सदर राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी की अध्यक्षता में विशाल धरना प्रदर्शन किया गया धरने सामिल हुए चौधरी चन्द्रपाल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी मजदूर सभा अखलाक हुसैन प्रदेश सचिव मजदूर सभा उत्कर्ष सिंह सपा युवा नेता पूर्व विधायक शिकारपुर गंगाराम के नाती नफीस सिद्दीकी मजदूर सभा डा0 नईम कमरुद्दीन सैफी मजदूर सभा राष्ट्रीय सचिव हाजी नासिर अंसारी जिला अध्यक्ष गाज़ियाबाद मजदूर सभा बबलू गोतम अभिषेक सैनी प्रिंस सैनी विकास सैरीयार शिवम राघव हर्षित सिंह अनीकेत सैनी आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

